# मॉस्को में ओडीओपी उत्पादों का शोरूम खोलने की तैयारी

लखनऊ। रूस में ओडीओपी उत्पादों की चर्चा होने लगी है। रूसियों को ओडीओपी उत्पाद इतने भा रहे हैं कि अब वहां मास्को में एक ओडीओपी उत्पाद का बड़ा स्टोर खोलने की तैयारी है। अब कन्नौज के इत्र से लेकर बनारस का सिल्क उत्पाद व मुरादाबाद के पीतल उत्पाद रूस में अपनी पहचान बनाएंगे। निकट भविष्य में प्रमुख रूसी कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का दौरा करने की उम्मीद है।

हाल में रूस की राजधानी मास्को में रूसी सरकार के प्रतिनिधियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कांग्रेस में हुई। इसमें सीआईआरटीसी के कार्यकारी निदेशक देबजीत चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। रूस के मंत्री ने कन्नौज शहर आकर्षक सुगंध वाले इत्र को खास तौर पर पसंद किया। इस पर सीआईआरटीसी ने मास्को में उत्पादों के एक स्टोर फ्रंट को स्थापित करने पर चर्चा की। इस पर मंत्री ने सहमति जताई।